# स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय
# Swami Rama Himalayan University

**Activities done by the university for utilization of funds received from Smile Train.** (2019)

## हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

www.livehindustan.com

स्वामी राम हिमालयन हॉस्पिटल ने स्माइल ट्रेन के सौजन्य से निशुल्क सर्जरी की

### सर्जरी कर तीन माह की बच्ची को दिया नया जीवन

**सर्जरी**

**डोईवाला | हमारे संवाददाता**

स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने मीशू नाम की बच्ची की सर्जरी कर नया जीवन दिया है। चिकित्सकों ने जन्म से कटे होंठ से पीड़ित बच्ची की सर्जरी की है।

तीन माह पूर्व मुरादाबाद निवासी बहादुर सिंह व मीनू ने एक बच्ची को जन्म दिया। जन्म के बाद से ही यह बच्ची में कटे होंठ व तालू की बीमारी है। बच्ची का ऊपरी होंठ कटा हुआ था व नाक फैली हुई थी। मीनू व बहादुर सिंह ने बताया कि बच्ची को देख लोग अलग-अलग तरह की बातें बनाने लगें। जिससे वे परेशान थे। जन्म से ही बच्ची के होठ चिपके हुए थे। परेशान बहादुर ने हिमालयन अस्पताल में संपर्क किया। जहां स्माइल ट्रेन के सौजन्य से प्लास्टिक सर्जरी विभाग में डा. संजय द्विवेदी कटे होंठ व तालू का इलाज निशुल्क शुरु किया।

**आभार**

- चिकित्सकों ने जन्म से कटे होंठ से पीड़ित बच्ची की सर्जरी की
- परिजनों ने चिकित्सकों का आभार जताया

डा. संजय द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन के मात्र दो दिन बाद बच्ची को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बच्ची के सातवें दिन टांके निकाल दिए गए व पाया गया कि बच्ची में अब किसी तरह की कोई विकृति नही है व वह सामान्य दिख रही थी। बताया कि हिमालयन अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था स्माइल ट्रेन के सौजन्य से कटे होंठ व तालू के बच्चों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाता है। इस ऑपरेशन को सफल बनाने में डा. शिरिषा, डा. मनुं राजन, डा. वीना अस्थाना, वीनस व भारती का सहयोग रहा।



सर्जरी के बाद स्वस्थ्य होने पर बच्ची के साथ चिकित्सक। ● हिन्दुस्तान

Swami Rama Himalayan University
Registrar

## दैनिक भास्कर

dainikbhaskaruk.com

जन्म से ही होंठ व तालू कटा था, अंतराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था स्माइल ट्रेन के सौजन्य करती है निशुल्क ऑपरेशन

### हिमालयन हॉस्पिटल ने बच्ची को दी नई मुस्कान

भास्कर समाचार सेवा

**डोईवाला।** स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने मीशू नाम की बच्ची जो कि कटे होंठ व तालू की बीमारी से पीड़ित बच्ची की सर्जरी कर उसे नया जीवन दिया है।

मुरादाबाद निवासी बहादुर सिंह व मीनू ने एक बच्ची को जन्म दिया। जन्म के बाद से ही बहादुर सिंह व मीनू की बच्ची में कटे होंठ व तालू की बीमारी है। बच्ची का ऊपरी होंठ कटा हुआ था व नाक फैली हुई थी। बच्ची के पिता बहादुर सिंह ने इंटरनेट के माध्यम से जाना कि बच्ची को (क्लेफट लिप और पैलेट) कटे होंठ व तालू की बीमारी है। रिश्तेदारों ने जानकारी दी कि हिमालयन अस्पताल में स्माइल ट्रेन के सौजन्य से प्लास्टिक सर्जरी विभाग में डॉ. संजय द्विवेदी कटे होंठ व तालू का इलाज निशुल्क किया जाता है। बच्ची व उसके माता पिता हिमालयन अस्पताल में डॉ. संजय द्विवेदी के पास आए चिकित्सक ने बहादुर सिंह व मीनू की काउंसिलिंग की व उन्हें समझाया कि बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जाएगी। बच्ची का चेहरा भी देखने में ठीक लगेगा व बच्ची जल्द ही सामान्य रूप से अन्य बच्चों की तरह बोल भी पाएगी। डॉ. संजय द्विवेदी ने बताया कि बच्ची के अभिभावक चाहते थे कि बच्ची का ऑपरेशन तुरंत हो जाए लेकिन चिकित्सक ने उन्हें समझाया कि बच्ची का ऑपरेशन तीन माह के बाद ही होगा। ऑपरेशन के मात्र दो दिन बाद बच्ची को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बच्ची के सातवें दिन टांके निकाल दिए गए व पाया गया कि बच्ची में अब किसी तरह की कोई विकृति नहीं है व वह सामान्य दिख रही थी। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि हिमालयन अस्पताल में अंतराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था स्माइल ट्रेन के सौजन्य से कटे होंठ व तालू के बच्चों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाता है। इस ऑपरेशन को सफल बनाने में डॉ. शिरिषा व डॉ. मनु राजन डॉ. वीना अस्थाना, वीनस व भारती का सहयोग रहा।





ऑपरेशन के बाद बच्ची।

स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय
Swami Rama Himalayan University

# Inauguration of Muskan Ward (2019)

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

## हिमालयन में निशुल्क मुस्कान वार्ड का उद्घाटन



रविवार को हिमालयन हास्पिटल में मुस्कान रथ सेवा शुरू करते अतिथिगण। ● हिन्दुस्तान

डोईवाला | हमारे संवाददाता

हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में कटे होंठ और तालू के बच्चों के लिए विशेष 'मुस्कान वार्ड' बनाया है। इसमें ऐसे बच्चों की प्लास्टिक सर्जरी की जाएगी। ऐसे रोगियों के आवागमन की सुविधा के लिए मुस्कान रथ नाम से निशुल्क वाहन सुविधा शुरू की गई है।

रविवार को हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में प्लास्टिक सर्जरी विभाग 'मुस्कान वॉर्ड' के उद्घाटन के लिए कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के तहत मुस्कान वार्ड का उद्घाटन स्माइल ट्रेन फाउंडेशन की मुख्य कार्याधिकारी सुसाना शेफर, डॉ. विजेंद्र चौहान व डॉ. संजय द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। सीईओ सुसाना शेफर ने कहा कि हिमालयन हॉस्पिटल जैसी संस्थाओं की मदद से स्माइल ट्रेन को वृहद रूप मिल सका है। विश्वभर में अब तक साढ़े पांच लाख से ज्यादा रोगियों की सर्जरी की जा चुकी है। कार्यक्रम में विडियो

### सुविधा

- वार्ड में कटे होंठ और तालू की होगी निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी
- रोगियों के लिए मुस्कान रथ वाहन सेवा का शुभारंभ किया

संदेश के माध्यम से एसआरएचयू के कुलपति डॉ. विजय धस्माना ने कहा कि हिमालयन हॉस्पिटल के माध्यम से रोगियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रहे हैं। इसी कड़ी में प्लास्टिक सर्जरी विभाग की ओर से मुस्कान वॉर्ड व मुस्कान रथ का संचालन किया है। प्लास्टिक सर्जन डॉ. संजय द्विवेदी ने बताया कि हिमालयन हॉस्पिटल में अब तक 8500 से कटे होंठ व तालू की सर्जरी की जा चुकी हैं। मौके पर संचालन डॉ. ज्योति द्विवेदी, डॉ. वैभवी धस्माना, प्रति कुलपति डॉ. विजेंद्र चौहान, डॉ. सुनील सैनी, डॉ. प्रकाश केशवया, डॉ. मुश्ताक अहमद, डॉ. रेनू, डॉ. वाईएस बिष्ट उपस्थित थे।

नगर संस्करण ••
वर्ष 23 | अंक 202 | पृष्ठ : 14
मूल्य : पांच रुपये

अमर उजाला

देहरादून
सोमवार, 16 सितंबर 2019

amarujala.com | दोस्ती | ह्यूस्टन के मेगा शो हाउडी मोदी में आ सकते हैं ट्रंप...10 | उत्तराखंड

## कटे होंठ वाले बच्चों को मिलेगी 'मुस्कान'

### हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट के प्लास्टिक सर्जरी विभाग की ओर से बनाया गया है मुस्कान वॉर्ड

अमर उजाला ब्यूरो

**डोईवाला।** हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में कटे होंठ और तालू के बच्चों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मुस्कान वार्ड तैयार किया गया है, जहां बच्चों का निशुल्क उपचार किया जाएगा। प्लास्टिक सर्जरी विभाग की ओर से बनाए गए वार्ड का उद्घाटन स्माइल ट्रेन फाउंडेशन की सीईओ सुसाना शेफर, डॉ. विजेंद्र चौहान और डॉ. संजय द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सुसाना शेफर ने कहा कि हिमालयन अस्पताल जैसी संस्थाओं की मदद से स्माइल ट्रेन को बड़े पैमाने पर संचालित करना संभव हो पाया है। स्माइल ट्रेन के माध्यम से विश्व भर में साढ़े पांच लाख बच्चे व बड़ों की सर्जरी की जा चुकी है।

**स्माइल ट्रेन फाउंडेशन की सीईओ सुसाना शेफर और अस्पताल के चिकित्सकों ने किया उद्घाटन**



मुस्कान वॉर्ड के उद्घाटन के दौरान मौजूद सीईओ सुसाना शेफर व अन्य।

वीडियो संदेश में कुलपति डॉ. विजय धस्माना ने कहा कि हिमालयन अस्पताल के माध्यम से रोगियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का हर स्तर पर प्रयास हो रहा है। इसी के तहत प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने मुस्कान रथ का भी संचालन शुरू किया।

प्लाटिक सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय द्विवेदी ने बताया कि अब तक 8500 लोगों की सर्जरी कर उनके चेहरों पर मुस्कान देने का काम किया गया है। मुस्कान वार्ड में रोगियों और उनके परिजनों को विश्राम, मनोरंजन आदि की भी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति द्विवेदी, डॉ. सुनील सैनी, डॉ. प्रकाश कैशवय्या, डॉ. मुश्ताक अहमद, डॉ. रेनू धस्माना, डॉ. वाईएस बिष्ट, ममता कैरोल, शीला कोयाना आदि मौजूद थे।

Swami Rama Himalayan University
Registrar

स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय
Swami Rama Himalayan University

**Smile Torch** (2020)







Swami Rama Himalayan University
Registrar